देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 106 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
कड़वी सचाई



देहरादून, शनिवार, 27 जुलाई 2024

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 27.0° 79924.77 **2** कमला हैरिस की नेतन्याहू को दो टूक **7** फैंस जल्दी हो जाते है भावुक

# आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं

## कारगिल वॉर मेमोरियल से पीएम मोदी का पाकिस्तान को कड़ा संदेश

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। 25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कारगिल युद्ध स्मारक पर बहादुर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पीएम मोदी ने वॉर मेमोरियल पहुंचकर जवानों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने साल 1999 में भारत–पाकिस्तान की युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर जवानों को याद करते हुए पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा।

पीएम मोदी ने कहा, पाकिस्तान ने अतीत में जितने भी दुष्प्रयास किए, उसे हमेशा मुंह की खानी पड़ी है। लेकिन पाकिस्तान ने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा। वह आतंकवाद और प्रॉक्सी वॉर के सहारे अपने आप को प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि आज मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचलेंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

पीएम मोदी ने आगे कहा, आतंकवाद को हमारे जांबाज पूरी ताकत से कुचलेंगे। दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। लद्दाख हो या फिर जम्मू–कश्मीर, विकास के सामने आ रही हर चुनौती को भारत परास्त करके ही रहेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि कारगिल युद्ध के समय मैं एक सामान्य देशवासी के रूप में अपने सैनिकों के बीच था। आज जब मैं फिर कारगिल की धरती पर हूं तो स्वाभाविक है कि वो स्मृतियां मेरे मन में ताजा हो गई हैं। आज लद्दाख की ये महान धरती कारगिल विजय के 25 वर्ष पूरे होने की साक्षी बन रही है। कारगिल विजय दिवस हमें बताता है कि राष्ट्र के लिए दिए गए बलिदान अमर होते हैं।

पीएम मोदी ने कारगिल युद्ध के दौरान वीर सैनिकों के अदम्य साहस को याद करते हुए कहा कि मुझे याद है कि किस तरह हमारी सेनाओं ने इतनी ऊंचाई पर, इतने कठिन युद्ध ऑपरेशन को अंजाम दिया था। मैं देश को विजय दिलाने वाले ऐसे सभी शूरवीरों को आदरपूर्वक प्रणाम करता हूं।

### अग्निपथ योजना ने युवाओं के सपनों को साकार किया

पीएम मोदी ने अग्निपथ योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना के जरिए देश ने इस महत्वपूर्ण सपने को एड्रेस किया है। अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युवा बनाना और सेनाओं को युद्ध के लिए निरंतर योग्य बनाए रखना है।



### पिछली सरकार ने ओआरओपी पर झूठ बोलाः पीएम

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम राजनीति के लिए नहीं, राष्ट्रनीति के लिए काम करते हैं। हमारे लिए राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोपरि है। हमारे लिए 140 करोड़ लोगों की शांति सबसे पहले है। जो लोग देश के युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। उनका इतिहास साक्षी है कि उन्हें सैनिकों की कोई परवाह नहीं है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने 500 करोड़ की मामूली रकम दिखाकर ओआरओपी पर झूठ बोला। ये हमारी सरकार है, जिसने ओआरओपी लागू किया। पूर्व सैनिकों को 1.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा दिए गए। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि कारगिल की विजय किसी सरकार या दल की विजय नहीं थी। ये विजय देश की थी।

### जम्मू–कश्मीर आज बड़े सपनों की बात कर रहा

पीएम नरेंद्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने का जिक्र किया और कहा कि जम्मू–कश्मीर आज भविष्य के बड़े सपनों की बात कर रहा है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ जम्मू–कश्मीर लद्दाख में टूरिज्म ग्रो कर रहा है साढ़े तीन दशक के बाद श्रीनगर में ताजिया निकला है और दशकों बाद सिनेमा खुला है। पीएम ने नीमू–पदम–दारचा मार्ग पर बनने वाली सिंकुन ला टनल के निर्माण काम की वर्चुअल शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इस टनल के जरिए लद्दाख पूरे साल हर मौसम में देश से कनेक्टेड रहेगा। उन्होंने श्रीनगर– लेह हाइवे पर बन रही जोजिला टनल का भी जिक्र किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पठानकोट में दिखे संदिग्ध आतंकी, जम्मू में हाई अलर्ट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

श्रीनगर। जम्मू इलाके में सेना हाई अलर्ट पर है और यहां पूरी तरह से चौकसी बरती जा रही है। दरअसल, पंजाब के पठानकोट जिले में कुछ संदिग्ध देखे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, एक महिला की ओर से सेना को यह सूचना दी गई जिसे गंभीरता से लेते हुए जम्मू में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। एहतियात के तौर पर जम्मू में आर्मी स्कूल शनिवार तक बंद कर दिए गए हैं।

### राहुल गांधी का नया दांव

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि जाति जनगणना और आरक्षण की ऊपरी सीमा 50 फीसदी हटाने की कांग्रेस की मांग के पीछे छत्रपति शाहूजी महाराज के क्रांतिकारी आदर्श प्रेरणा स्रोत हैं। बता दें कि 122 साल पहले यानी 1902 में उन्होंने शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण लागू कर एक क्रांतिकारी कदम उठाया था।

## आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का आधार

### लाओस में विदेश मंत्रियों की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर का संदेश

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वियनतियाने, (लाओस)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का संगठन भारत की एक्ट ईस्ट नीति और भारत–प्रशांत दृष्टिकोण का आधार है। उन्होंने इस संगठन के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने का भी आह्वान किया।

दरअसल, विदेश मंत्री जयशंकर आसियान बैठक में भाग लेने के लिए लाओस की राजधानी वियनतियाने में हैं। आसियान–भारत विदेश मंत्रियों की बैठक के उद्घाटन सत्र में जयशंकर ने कहा कि आसियान के साथ वर्तमान राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए आसियान उसकी एक्ट इंडिया नीति और उसके हिंद–प्रशांत दृष्टिकोण की आधारशिला है।

विदेश मंत्री ने कहा, आसियान के साथ मौजूदा राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही हमारी लोगों के बीच संपर्क भी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसे हम लगातार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि भारत–आसियान साझेदारी हर गुजरते दिन के साथ और अधिक आयाम हासिल कर रही है।

विदेश मंत्री जयशंकर की लाओस यात्रा काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इस साल भारत की एक्ट ईस्ट नीति का एक दशक पूरा होने जा रहा है। विदेश मंत्री ने लाओस यात्रा से पहले दिल्ली में जानकारी देते हुए कहा था कि एक्ट ईस्ट नीति की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में 9वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में की थी।

### एक्ट ईस्ट पॉलिसी एक कूटनीतिक पहल है

एक्ट ईस्ट पॉलिसी अलग–अलग स्तरों पर एशिया–प्रशांत क्षेत्र के साथ आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक कूटनीतिक पहल है। आसियान के 10 सदस्य देश हैं, जिसमें इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रूनेई, वियतनाम, लाओस, म्यांमार और कंबोडिया शामिल हैं।

## चेतावनी रेखा के पार पहुंचा गंगा का जलस्तर

संवाददाता

देहरदून। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के बाद हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा का विकराल रूप देखकर लोग दहशत में आ गए। ऋषिकेश में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जिसके चलते तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को स्थानीय प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है।

शुक्रवार को मुनि की रेती, तपोवन और त्रिवेणी घाट पर गंगा घाटों से ऊपर बहती रही। त्रिवेणी घाट पर गंगा के जलस्तर की चेतावनी रेखा 339.50 मीटर है। दोपहर से यहां गंगा 339.52मीटर पर बह रही है। जबकि खतरे का निशान 340.50 मीटर है। गंगा का जलस्तर बढ़ने पर कोतवाली पुलिस की ओर से तटीय क्षेत्रों में मुनादी कराई गई। जिसमें सुरक्षा के दृष्टि से गंगा किनारे रहने वाले लोगों और स्नान के लिए तटों पर पहुंचे श्रद्धालुओं को सावधान किया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आरएस खोलिया ने बताया कि शुक्रवार को आपदा नियंत्रण कार्यालय से सूचना प्राप्त हुई। जिसमें बताया कि सुबह नौ बजे टिहरी और श्रीनगर डैम से पानी छोड़ा जाएगा। जिसके चलते दोपहर दो बजे तक गंगा के जल का स्तर किनारों से आगे बढ़ जाएगा।

### अलर्ट

- पुलिस ने घाटों पर लोगों को किया अलर्ट

### लोगों को किया जा रहा सावधान

पुलिस की ओर से चंद्रेश्वर नगर, मायाकुंड व त्रिवेणीघाट गंगा किनारे पर लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी कराई गई। उन्होंने बताया कि जल पुलिस के जवानों को घाटों पर तैनात रखा गया है। लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार गंगा का जलस्तर बढ़ने को लेकर लोगों को सावधान किया जा रहा है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in
Contact:

## 9वीं बार फाइनल में पहुंची भारतीय महिला टीम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। महिला एशिया कप 2024 के सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को 10 से हराकर लगातार 9वीं बार फाइनल में जगह बनाई। बांग्लादेश ने भारत को 81 रन का मामूली टारगेट दिया था जिसे शेफाली वर्मा (26), स्मृति मंधाना (55) ने आसानी से हासिल कर लिया।

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। भारत की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश की पारी को तहस–नहस कर दिया। पहले ही ओवर में बांग्लादेश ने दिलारा अख्तर को आउट कर रेणुका ने भारत को पहली सफलता दिलाई। तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर रेणुका ने इश्मा तंजीम को 8 के निजी स्कोर पर आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई।

### 10 विकेट से बांग्लादेश को चटाई धूल

बांग्लादेश की तरफ से मात्र दो ही बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सके। भारत की तरफ से रेणुका ने 4 ओवर में 1 मेडन और 10 रन खर्च कर तीन विकेट चटकाए। राधा यादव ने भी तीन विकेट हासिल की। पूजा वस्त्राकर और दीप्ति शर्मा को 1–1 विकेट मिले।

# पाकिस्तानी सेना की जेल भेजे जा सकते हैं इमरान खान

## लाहौर हाईकोर्ट में इमरान के वकील की अर्जी

रिपोर्ट

पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद हैं इमरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबादरू पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को इस बात का अंदेशा है कि उनको जेल से निकालकर आर्मी के हवाले किया जा सकता है। इसी को देखते हुए पाकिस्तान पीटीआई नेता इमरान खान ने लाहौर हाईकोर्ट में एक अर्जी दाखिल की है। इसमें उन्होंने कहा है कि उनको 9 मई की हिंसा के मामले में सैन्य हिरासत में सौंपे जाने की संभावना है। ऐसे में कोर्ट इस पर ध्यान दे और ऐसी किसी कोशिश का काम रोके। उन्होंने कहा कि बंदियों को नागरिक अदालतों के अधिकार क्षेत्र में ही रहना चाहिए। इमरान खान के वकील उजैर करामत ने लाहौर हाईकोर्ट में उनकी ओर से ये अर्जी दाखिल की है।

रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री



खान ने अदालत से यह आदेश देने का आग्रह किया कि 9 मई के मामलों में हिरासत नागरिक अदालतों के पास ही रहेगी और उन्हें सैन्य अधिकारियों को सौंपने से रोकने के लिए स्थगन आदेश जारी किया जाए। इमरान खाने शहबाज शरीफ के सरकार और सभी चार प्रांतों के महानिरीक्षकों (आईजी) को मामले में प्रतिवादी बनाया गया है। अर्जी में इमरान खान ने कहा कि उनके खिलाफ जनरल हेडक्वार्टर (जीएचक्यू) में विरोध प्रदर्शन भड़काने की झूठी कहानी गढ़ते हुए मुकदमा किया गया है।

क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान ने अपने साथ–साथ अपनी पत्नी बुशरा बीबी को लेकर भी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि 9 मई के दंगा मामलों के सिलसिले में बुशरा को भी सैन्य जेल भेजा जा सकता है। रावलपिंडी की अडियाला जेल में अल–कादिर ट्रस्ट मामले की सुनवाई के दौरान खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 9 मई की घटनाओं के लिए वे मुझे सैन्य जेल भेजने की योजना बना रहे हैं।

इमरान खान ने सैन्य जेलों में बंद पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ कार्यकर्ताओं के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार का भी आरोप लगाया। इमरान खान पर 9 मई, 2023 को लाहौर कोर कमांडर हाउस, जिन्ना हाउस, अस्करी टॉवर और शादमान पुलिस स्टेशन पर हमलों में उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। पिछले साल मई में एक कथित भ्रष्टाचार मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद खान के समर्थकों ने कई महत्वपूर्ण सरकारी भवनों और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था। खान ने कहा कि गिरफ्तार होने पर उन्होंने सेना के जनरल मुख्यालय के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान किया था और उनके लोग हिंसा में शामिल नहीं थे।

## न्यूज डायरी



### गाजा में इजरायल के लगातार हमलों पर कमला हैरिस की नेतन्याहू को दो टूक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। इजरायल हमास युद्ध के बीच अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर तैयारी चल रही है। खराब स्वास्थ्य की वजह से 81 वर्षीय जो बाइडन ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। उनकी जगह कमला हैरिस बतौर राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को चुनौती देंगी। इसी बीच कमला हैरिस ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कमला हैरिस ने बेंजामिन नेतन्याहू के सामने गाजा में फंसे लोगों को मुद्दा उठाया। उन्हें पीएम नेतन्याहू को दो टूक सुनाते हुए कहा कि गाजा में मासूमों की हत्या पर वह चुप नहीं रहेंगी। उन्होंने नेतन्याहू से कहा कि बातचीत के जरिए तत्काल युद्धविराम की जरूरत है। कमला हैरिस ने कहा कि गाजा में लाखों लोग भूखमरी के शिकार हैं। कमला हैरिस ने आगे कहा, मैंने हमास के बंधकों के परिवारजनों से मुलाकात की और भरोसा दिलाया कि वे अकेले नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि वो गाजा में लोगों की दिक्कतों को लेकर चुप नहीं रहेंगी। कमला हैरिस ने बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि इजरायल को बचाव का अधिकार है लेकिन बीते 9 महीने में जो कुछ हुआ है वो बेहद खतरनाक और विनाशकारी है। कमला हैरिस ने कहा कि गाजा से जो तस्वीरें सामने आ रही है वो काफी भयावह है। बच्चों की लाशों की तस्वीरें देखकर दुनिया दुखी है। गाजा के हालात से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता है।

### म्यांमार में जारी हिंसा पर एनएसए डोभाल ने रखा भारत का पक्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नेपीडॉ। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल म्यांमार दौरे पर है। इस दौरान उन्होंने म्यांमार के समकक्ष एडमिरल मो आंग से मुलाकात की। डोभाल ने म्यांमार में हिंसा और अस्थिरता को लेकर भारत की चिंताओं पर प्रकाश डाला। अजीत डोभाल फिलहाल BIMSTEC समूह के सदस्य देशों के सुरक्षा प्रमुखों की बैठक में भाग लेने के लिए म्यांमार की राजधानी नेपीडॉ में हैं। बता दें कि म्यांमार में 2021 में तख्तापलट के बाद से ही वहां लोकतंत्र की बहाली को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी है। म्यांमार के कई इलाकों में सैन्य जुंटा और प्रतिरोध बलों के बीच झड़प देखी जा रही है। प्रतिरोधी बलों ने कई इलाकों में कब्जा कर लिया है। म्यांमार की राजधानी में यह बैठक सदस्य देशों के समक्ष आने वाली आम सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण पहलों की रणनीति बनाने और समन्वय स्थापित करने के लिए बुलाई गई है। भारतीय दूतावास ने यहां एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एनएसए अजीत डोभाल आज नेपीडॉ में आयोजित #BIMSTEC सुरक्षा प्रमुखों की चौथी वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। डोभाल ने गुरुवार को अपने म्यांमार समकक्ष एडमिरल मो आंग से मुलाकात की। उन्होंने अन्य BIMSTEC सुरक्षा प्रमुखों के साथ प्रधानमंत्री सीनियर जनरल मिन आंग हलाइंग से भी मुलाकात की।

### अमेरिका ने खोला खजाना, क्या चीन को छोड़ देगा पाकिस्तान?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अमेरिका ने पाकिस्तान को चीन के खेमे में पूरी तरह से जाने से रोकने के लिए आर्थिक मदद का ऐलान किया है। अमेरिका की संसद से अनुरोध किया गया है कि पाकिस्तान को 1 करोड़ डॉलर की मदद दी जाए। इससे यह बहस छिड़ गई है कि क्या पाकिस्तान अब चीन की गुलामी छोड़कर अमेरिका के पास फिर से जाएगा। इस पूरे मामले में अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने चुप्पी तोड़ी है। पाकिस्तान ने कहा है कि वह चीन के साथ अपने करीबी रिश्ते बनाना जारी रखेगा। पाकिस्तान के इस बयान से साफ है कि वह अमेरिका से दोस्ती जरूर बढ़ाएगा लेकिन यह चीन की कीमत पर नहीं होने जा रहा है। चीन पाकिस्तान में सीपीईसी परियोजना चला रहा है जिसमें 60 अरब डॉलर खर्च किया जा रहा है। चीन की ओर से ग्वादर में नौसैनिक अड्डा भी बनाया जा रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा, पाकिस्तान ने पहले भी कई बार कहा है कि वह एक की कीमत पर दूसरे देश के साथ रिश्ता नहीं बनाना चाहता है। हमारे लिए अमेरिका और चीन दोनों के ही साथ रिश्ते महत्वपूर्ण हैं।

## ग्लोबल वार्मिंग पर यूएन चीफ एंटोनियो गुटेरेस ने जताई चिंता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने लगातार बढ़ती गर्मी पर दुनिया को चेताया है। गुटेरेस ने कहा कि विभिन्न देशों में जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी चरम पर है। उन्होंने कहा कि अगर इसकी तात्कालिकता पर काम नहीं किया गया तो दुनिया को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। बता दें कि हाल ही में दुनिया में रिकॉर्ड सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया था, जिसके बाद गुटेरेस ने ये बयान दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया को बढ़ते तापमान की चुनौती का सामना करना चाहिए।

जलवायु परिवर्तन दुनिया भर में हीटवेव को तेज और लंबे समय तक चलने वाला बना रहा है। इस वर्ष पहले ही कई लोगों की जान भीषण गर्मी ने ले ली। हज तीर्थयात्रा पर गए 1300 लोगों की भी हीटवेव से जान चली गई थी।

वहीं, अफ्रीका और एशिया में लगभग 8 करोड़ बच्चों को स्कूल बंद करने पड़े। यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा के अनुसार, जून 2023 से अब तक का हर महीना पिछले वर्षों की तुलना में सबसे गर्म महीना रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने विभिन्न देशों की सरकारों से जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन को कम करने के साथ बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षा को मजबूत करने का आह्वान किया।



## पेरिस ओलंपिक से पहले फ्रांस में रेल लाइनों पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। पेरिस ओलंपिक 2024 की शुरुआत हो गई है। फ्रांस की राजधानी में खिलाड़ियों का जमावड़ा लग चुका है और सीन नदी पर ऐतिहासिक ओलंपिक सेरेमनी की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। इस बीच फ्रांस की हाई स्पीड रेलवे लाइनों पर हमला हुआ है। इसकी वजह से ओलंपिक शुरू होने से पहले पेरिस में रेल ट्रैफिक बुरी तरह से बाधित हुआ है। फ्रांस की नेशनल रेल कंपनी एसएनसीएफ ने शुक्रवार को कहा कि हाई–स्पीड लाइनों पर कई संदिग्ध गतिविधियां हुई हैं। इसकी वजह से हाई रिस्क वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह के दिन रेलवे ट्रैफिक में बाधा सामने आई। अधिकारियों ने कहा कि रेलवे की पटरियों को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। पटरियों पर आगजनी की गई है। इन घटनाओं की वजह से रेलवे लाइनों का मरम्मत कार्य में हफ्ते भर का समय लग सकता है।

## श्रीलंका में 21 सितंबर को होंगे नए राष्ट्रपति के चुनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■नई सरकार के सामने होंगी नई चुनौतियां

कोलंबो। श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव 21 सितंबर को होंगे। श्रीलंका के चुनाव आयोग ने इसका एलान किया है। ऐसी चर्चा थी कि श्रीलंका में राष्ट्रपति रानिल विक्रमासिंघे के कार्यकाल को विस्तार देने के लिए राष्ट्रपति चुनाव टाले जा सकते हैं। अब श्रीलंका की सरकार ने आदेश जारी कर बताया है कि राष्ट्रपति चुनाव 21 सितंबर को होंगे और 15 अगस्त से नामांकन शुरू हो जाएगा। 75 वर्षीय विक्रमसिंघे ने जुलाई 2022 में पदभार संभाला था, जब गंभीर वित्तीय संकट के कारण व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद उनके पूर्ववर्ती गोटबाया राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा था और बाद में इस्तीफा देना पड़ा था।

संसद ने विक्रमसिंघे को नवंबर 2019 में निर्वाचित राजपक्षे द्वारा रिक्त किए गए शेष पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए चुना। कोलंबो स्थित सेंटर फॉर पॉलिसी अल्टरनेटिव्स की वरिष्ठ शोधकर्ता भवानी फोन्सेका ने कहा, यह श्रीलंका के लिए एक महत्वपूर्ण समय है। चुनाव होना लोकतंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन अब चुनाव आयोग को वह करने की अनुमति दी जानी चाहिए जिसके लिए उसे अधिकृत किया गया है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होना आवश्यक है। श्रीलंका की 22 मिलियन आबादी में से लगभग 17 मिलियन लोग मतदान में भाग लेने के पात्र हैं। 2.9 बिलियन डॉलर के अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के बेलआउट कार्यक्रम की मदद से, विक्रमसिंघे ने बिखरी हुई अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया है, सितंबर 2022 में मुद्रास्फीति को 70 प्रतिशत से घटाकर जून में 1.7 प्रतिशत पर ला दिया है, रुपये को मजबूत किया है और पहले से खत्म हो चुके विदेशी मुद्रा भंडार को फिर से बनाया है।

श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में 2024 में 3 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जबकि पिछले वर्ष इसमें 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी तथा संकट के चरम के दौरान इसमें 7.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

### भारत में होगा इस साल का क्वाड शिखर सम्मेलन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने कहा है कि जो बाइडन भारत में इस साल होने वाले 'क्वाड' देशों के नेताओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'व्हाइट हाउस' के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम इस साल वहां होने वाले 'क्वाड' नेताओं के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए अब भी प्रतिबद्ध हैं, लेकिन इस संबंध में अभी कैलेंडर पर कुछ भी निर्धारित नहीं किया गया है।' 'क्वाड' बाइडन की पहल है और ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत एवं अमेरिका इसके सदस्य देश हैं। बाइडन ने वर्ष 2020 में राष्ट्रपति के तौर पर अपने कार्यकाल के शुरुआती 100 दिन में 'क्वाड' देशों के नेताओं का एक ऑनलाइन शिखर सम्मेलन आयोजित किया था।

**Page Three**


**Classified**

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 6 ग्रेनेडियर्स के आर्मी प्रांगण में धूमधाम से मनाया कारगिल विजय शौर्य दिवस

**शौर्य दिवस**

## शहीद वीर सैनिकों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन किए अर्पित

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। 6 ग्रेनेडियर्स के आर्मी प्रांगण रुद्रप्रयाग में कारगिल विजय शौर्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई तथा आर्मी के जवानों द्वारा हवलदार जसविंदर सिंह के नेतृत्व में वीर शहीदों को सलामी दी गई।

सैनिक कल्याण विभाग के तत्वाधान में 25वीं वर्षगांठ कारगिल विजय दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रुद्रप्रयाग विधायक श्री भरत सिंह चौधरी तथा विशिष्टि अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती एवं अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा सहित पूर्व सैनिकों एवं शहीद सैनिकों के परिजनों ने शहीद वीर सैनिकों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भरत सिंह चौधरी ने कहा कि



कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है जिसमें उन्होंने वीर शहीदों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज का दिन गौरव का दिन है तथा हमारे जांबाज सैनिकों ने कारगिल युद्ध में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों की आहूति देकर भारत मां की रक्षा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड वीरों की धरती है तथा उत्तराखंड से काफी संख्या में सैनिक सजग प्रहरी के रूप में विकट कठिन परिस्थितियों में सीमाओं में तैनात रहकर रक्षा की रक्षा कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने कहा कि वर्ष 1999 में भारत–पाक कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों पर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि हमें अपने वीर जवानों की वीरता पर गर्व है जिन्होंने अपने प्राणों की परवाह न कर देश की रक्षा के लिए अपने आप को न्यौछावर कर दिया। उन्होंने सभी वीर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल यूएस रावत ने कारगिल युद्ध के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मन सैनिकों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन विजय के तहत भारतीय सेना ने 527 जांबाज सैनिक शहीद हुए हैं जिसमें 75 सैनिक उत्तराखंड प्रदेश के तथा 3 जांबाज सैनिक रुद्रप्रयाग के देश की रक्षा के लिए शहीद हुए। उन्होंने कहा कि हर वर्ष आज के दिन को राज्य सरकार द्वारा कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा जनपद के वीर शहीद सैनिकों नायक सुनील दत्त कांडपाल के भाई दीर्घायु प्रसाद, रायफल मैन शहीद भगवान सिंह के परिजन तथा नायक शहीद गोविंद सिंह की पत्नी श्रीमती उमा देवी को शॉल ओढकर सम्मानित किया गया तथा स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। आयोजित कार्यक्रम में अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई।

## न्यूज डायरी :

### नेताजी संघर्ष समिति ने कारगिल में हुए शहीदों को याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति ने कारगिल में हुए शहीदों को कांवली रोड पर एक बैठक कर याद किया समिति के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज ही के दिन भारतीय जवानों द्वारा कारगिल में शानदार विजय प्राप्त की थी समिति उनके इस साहस को प्रणाम करती है। स्मरण रहे कि भारतीय सैनिकों ने इस युद्ध में अपने प्राणों की आहुति भी दी थी। समिति ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा है कि कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने जो एकता दिखाई उसी के कारण ऐतिहासिक विजय हमें मिली। समिति सदैव उनकी ऋणी रहेगी जिनके बलिदान के कारण पाकिस्तान जैसे देश को मुंह की खानी पड़ी थी। कारगिल के शहीदों को याद करने वालों में प्रभात डंडरियाल, आरिफ वारसी , इम्तियाज अहमद, सुशील विरवानी ,अतुल शर्मा ,राम सिंह कश्यप ,पारस यादव ,अजीत वर्मा, प्रदीप कुकरेती ,चिंतन सकलानी, दानिश नूर आदि उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन विनय रूहेला

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपाध्यक्ष, उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन एवं पूर्व उपाध्यक्ष राज्य योजना आयोग विनय रूहेला दिनांक 28 व 29 जुलाई को दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान उनकी अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं मानसून सत्र की बैठक आयोजित की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपाध्यक्ष, उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन एवं पूर्व उपाध्यक्ष राज्य योजना आयोग दिनांक 28 जुलाई (रविवार) को अपराहन 12:30 बजे श्रीनगर से प्रस्थान कर दोपहर 1:30 बजे जनपद रुद्रप्रयाग पहुंचेंगे। 2:30 बजे जनप्रतिनिधियों, भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से भेंटवार्ता करेंगे।

### उद्यम लर्निंग फाउंडेशन ने कौशलम कार्यक्रम को 2200 स्कूलों तक विस्तारित किया

**संवाददाता** देहरादून। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण उत्तराखंड एवं सहयोगी संस्था उद्यम लर्निंग फाउंडेशन ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए कौशलम् एक्स्पो का आयोजन किया। राज्य में वर्ष 2022–23 से माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए कौशलम् पाठ्यचर्या का संचालन किया जा रहा है। इस पाठ्यचर्या का उद्देश्य छात्रों में उद्यमिता की मानसिकता का विकास करना एवं उन्हें 21वीं सदी के कौशलों में दक्ष बनाना है, ताकि छात्र शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात् उद्यमिता के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित हो सके।

# तीर्थयात्रियों के साथ ऑटो विक्रम चालक करें विनम्र व्यवहार: भाटी

**संवाददाता** हरिद्वार। ऑटो विक्रम मालिक एवं चालक कल्याण समिति, शान्तिकुंज हरिद्वार के नव निर्वाचित पदाधिकारियो का स्वागत समारोह समिति के संरक्षक भाजपा नेता अनिरुद्ध भाटी के कार्यालय पर किया गया। स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुये समिति के संरक्षक अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी सभी ऑटो विक्रम मालिक एवं चालकों को एकजुट कर संस्था की मजबूती व सदस्यों के हितों की मिलजुल कर कार्य करें।

अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि ऑटो विक्रम चालक हरिद्वार पधारने वाले तीर्थयात्रियों, पर्यटकों व स्थानीय निवासियों से विनम्र व्यवहार करें। हरिद्वार पधारने पर तीर्थयात्रियों का सर्वप्रथम ऑटो विक्रम चालकों से ही मिलना होता है। ऐसे में तीर्थयात्रियों से किये गये आपके व्यवहार का संदेश पूरी दुनिया में जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव आपके हितों की रक्षा हेतु आपके साथ खड़ी है।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरीश अरोड़ा व उपाध्यक्ष दीपक सिंह पंवार ने कहा कि विक्रम चालकों के हितों की रक्षा व संगठन की मजबूती उनकी प्राथमिकता रहेगी। सबको साथ लेकर समिति को प्रयास किया जाएगा। स्वागत समारोह में समिति के संरक्षक अनिरुद्ध भाटी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पटका भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, उपाध्यक्ष दीपक सिंह पंवार, सचिव नरेन्द्र सिंह रावत, आदि उपस्थित रहे।




### जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े में 69 महिला नसबंदी

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित 'विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाडा' संपन्न हो गया है। पखवाड़े के तहत तहत 69 महिला नसबंदी की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विमल सिंह गुसाईं ने बताया कि गत 11 जुलाई से शुरू हुए विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के तहत महिला नसबंदी व 69 महिला नसबंदी की गई, जिसमें सभी 69 महिला नसबंदी ऑपरेशन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में सर्जन डा0 वैभव विशाल सिंह व उनकी टीम द्वारा किए गए। इसके अतिरिक्त 541 लाभार्थियों को परिवार नियोजन की अस्थाई विधि सेवा का लाभ दिया गया, जिसमें 461 का माला एन, 70 को छायाध्अंतरा व 10 को कॉपर–टी परिवार नियोजन साधन का लाभ दिया गया। जबकि 13073 कंडोम का वितरण किया गया।

# कारगिल युद्ध में देश के 527 जाबांजों ने दिया था अपना सर्वोच्च बलिदान

**संवाददाता।**

■चमोली में हर्षोल्लास से मनाया गया शौर्य दिवस

चमोली। शौर्य एवं पराक्रम का उत्सव ''कारगिल विजय दिवस'' जनपद में हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला पंचायत परिसर में मुख्य अतिथि विमला देवी धर्म पत्नी शहीद नायक कृपाल सिंह, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना समेत जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (से.नि.) सुबोध शुक्ल, अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने कारगिल शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पुलिस एवं एनसीसी जवानों ने शहीदों को सलामी दी। ब्लॉक स्तरों पर भी शौर्य दिवस पर पौधरोपण सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कारगिल युद्ध में देश के 527 जाबांजों ने अपने सर्वोच्च बलिदान दिया। जिसमें उत्तराखंड राज्य के 75 और चमोली जनपद के 11 जवानों शामिल थे।

शौर्य दिवस पर जिला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कारगिल शहीद नायक कृपाल सिंह की पत्नी विमला देवी, शहीद राइफल मैन सतीश चन्द्र के पिता महेशा नंद, शहीद नायक दिलबर सिंह की भाभी संगीता देवी, शहीद हवलदार रणजीत सिंह के पुत्र वीरेंद्र सिंह, शहीद राइफल मैन अमित नेगी के चाचा बलवंत सिंह, शहीद नायक आनंद सिंह के भाई खुशाल सिंह को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। शौर्य दिवस पर अन्य वीर नारियों और उनके परिजन शांति राणा, कमला देवी, पार्वती देवी, जयंती देवी, कमला देवी, सरिता देवी और सुलोचना देवी को भी शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने देश के अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने सभी को सैनिकों के अदम्य साहस एवं शौर्य गाथाओं से प्रेरणा लेने की बात कही। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (से.नि.) सुबोध शुक्ल ने कारगिल शहीदों के सम्मान में उनकी वीरगाथा एवं जीवनी पर प्रकाश डाला।

### मदमहेश्वर यात्रा रूट पर फंसे 106 यात्रियों का किया सफल रेस्क्यू

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने अवगत कराया है कि देर रात्रि को हुई भारी बारिश के कारण मदमहेश्वर मंदिर ट्रैक पर बनतोली गौंडार में मार्कण्डेय (मोरकंडा) नदी पर पैदल पुल बह जाने के कारण क्षेत्र से संपर्क बाधित हो गया था। उन्होंने अवगत कराया कि सूचना प्राप्त होते ही जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस तथा जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी घटना स्थल के लिए रवाना हुए। पूरे रेस्क्यू अभियान के दौरान जिलाधिकारी भी स्वयं मौके पर मौजूद रहे। जिलाधिकारी की निगरानी में हैली सेवाओं के माध्यम से मदमहेश्वर यात्रा रूट पर फंसे 106 यात्रियों का सफल रेस्क्यू किया गया। मदमहेश्वर घाटी में फंसे तीर्थ यात्रियों के सफल रेस्क्यू के बाद सभी तीर्थ यात्रियों ने जिलाधिकारी सौरभ गहरवार सहित पूरी रेस्क्यू टीम का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।



*सफल बनने के लिए सबकी सुनने की आदत होनी चाहिए परंतु करना वही चाहिए जो अपने मन को बेहतर लगे।। –अज्ञात*


# विचार-प्रवाह

देहरादून, शनिवार, 27 जुलाई 2024

पेज थ्री

www.page3news.in


# कड़वी सचाई

**अगर आजादी के आठवें दशक में भी देश में हर मिनट तीन नाबालिग लड़कियों की शादी हो रही है, तो यह स्थिति स्वीकार करने लायक नहीं हो सकती। ये आंकड़े चुभने स्वाभाविक हैं। लेकिन ज्यादा चिंता की बात यह है कि हमने जाने–अनजाने इस सचाई पर परदा पड़े रहने का इंतजाम कर दिया था।**

अनुज श्रीवास्तव।।

देश में हर साल होने वाली नाबालिग लड़कियों की शादी पर हाल में आई रिपोर्ट न केवल हैरान करती है बल्कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेने और इस पर नए सिरे से काम करने की जरूरत भी रेखांकित करती है। अगर आजादी के आठवें दशक में भी देश में हर मिनट तीन नाबालिग लड़कियों की शादी हो रही है, तो यह स्थिति स्वीकार करने लायक नहीं हो सकती। ये आंकड़े चुभने स्वाभाविक हैं। लेकिन ज्यादा चिंता की बात यह है कि हमने जाने–अनजाने इस सचाई पर परदा पड़े रहने का इंतजाम कर दिया था। चाहे नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट हो या समय–समय पर सरकार की ओर से जारी किए जाने वाले अन्य आंकड़े, कोई भी ठीक–ठीक यह नहीं बताता कि हर साल कितनी नाबालिग लड़कियों को गैरकानूनी ढंग से शादी के बंधन में डाल दिया जाता है।



ऐसा भी नहीं कि ये आंकड़े इस मामले में पूरी तरह चुप्पी बनाए रखते हैं। मिसाल के तौर पर छब्ब्ठ की बात करें तो यह 2018 से 2022 के बीच 3,863 नाबालिग शादी दर्ज होने की सूचना देता है। यह संख्या हकीकत से कितनी दूर है इसका अहसास तब हुआ जब सिविल सोसाइटी संगठनों के नेटवर्क 'चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' से जुड़ी रिसर्च टीम 'इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन' ने 2011 की जनगणना से जुड़े आंकड़ों के साथ एनसीआरबी और नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे–5 (2019–21) की सूचनाओं को मिलाकर उनका विश्लेषण किया। इसकी रिपोर्ट के मुताबिक हर साल 16 लाख नाबालिग लड़कियों की शादी हो रही है।

यह स्थिति तब है जब भारत में 1929 में ही नाबालिग शादी को प्रतिबंधित किया जा चुका है। जाहिर है, कानून अपनी जगह रहा और समाज अपने ढंग से चलता रहा। हालांकि इस आधार पर कानूनी व्यवस्थाओं को निरर्थक नहीं करार दिया जा सकता। इसका उदाहरण असम है, जहां इसी रिपोर्ट के मुताबिक हालात में आश्चर्यजनक सुधार लाए जा चुके हैं। वहां 2021–22 में हुई नाबालिग लड़कियों की शादी की संख्या 3,225 थी, जो 2023–24 में घटकर 627 हो गई। यह कामयाबी कानून को सख्ती से लागू करने का परिणाम है।

असम की कामयाबी का मतलब यह नहीं कि हर मामले में समाज को कानून के डंडे से हांका जा सकता है या हांका जाना चाहिए। फिर भी याद रखना जरूरी है कि नाबालिग लड़कियों की शादी पर प्रभावी रोक न केवल मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी ला सकती है बल्कि लेबर फोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और जेंडर इक्वलिटी हासिल करने में भी मदद कर सकती है। जाहिर है, सरकारी तंत्र और सिविल सोसाइटी को साथ मिलकर इस लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाने में देर नहीं करनी चाहिए।

## रहस्यमयी श्राप

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** ये केवल एक कहानी नही है, बल्कि धर्म के प्रति जागरूकता की मिशाल है, ये एक ऐसी हिंदी कहानी है जिसमें आपकी सनातन धर्म के एक रहस्यमयी श्राप के बारे में धरना साफ होगा। हिन्दू सनातन शास्त्रों में काल सर्प दोष को, एक अभिशाप की तरह माना जाता है। काल सर्प दोष हिन्दू सनातन शास्त्र के मुताबिक, व्यक्ति की कुंडली में, ग्रह–नक्षत्रों के योग से, प्रायः कुछ ना कुछ, शुभ और अशुभ योगों का प्रारंभ होता रहता है। कुंडली में स्थित शुभ योग से, जहां व्यक्ति को अच्छा फल प्राप्त होता है, वहीं अशुभ योग और दोष से, जीवन में कुछ समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। काल सर्प दोष को शापित माना गया है। दरअसल हिन्दू सनातन शास्त्र के जानकारों का कहना है कि, काल सर्प दोष के अशुभ प्रभाव से शारीरिक, मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## संपादकीय

### आतंकवादी को श्रद्धांजलि

हरदीप सिंह निज्जर को खुद कनाडा भी आतंकवादी मान चुका है लेकिन जिस तरह उसे वहां की संसद में श्रद्धांजलि दी गई और अमेरिकी प्रशासन ने इस पर चुप्पी बनाए रखी, उससे साफ होता है कि अपने यहां इन तत्वों को संरक्षण देने के मसले पर वे सभी देश एकजुट हैं। इस मसले पर भारतीय राजनयिकों का इन देशों के अधिकारियों के साथ निरंतर संवाद होता है लेकिन हाल में जिस तरह खालिस्तानी तत्वों ने भारतीय नेताओं राजनयिकों को खुली धमकी दी है और जिस तरह से इन देशों की सरकारों ने इसे अनदेखा कर रखा है, वह भारत के लिए बड़ी चिंता की बात है। भारत इसे नजरअंदाज नहीं कर सकता। उसने इन देशों की सरकारों से साफ कहा है कि खालिस्तान आंदोलन भारत में नहीं बल्कि अमेरिका और इसके साथी देशों में चल रहा है, जिसे इन देशों को सरकारी स्तर पर बढ़ावा नहीं देना चाहिए। घरेलू चुनावी राजनीति की मजबूरी को छिपाने के लिए अमेरिका, कनाडा जैसे देश भारत में अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का आरोप लगाकर अपनी अलगाववादी समर्थक नीति को जायज ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। इनसे जल्द निबटना जरूरी है नहीं तो भारत में ये ताकतें फिर से फन उठा सकती हैं।

देश की संप्रभुता और अखंडता की कीमत पर सामरिक साझेदारी को अहमियत नहीं दी जाएगी, यह भारत के बयान से साफ है।

# भारत का स्पष्ट संकेत

रंजीत कुमार।।

एक–दूसरे को 21वीं सदी का सबसे अहम सामरिक साझेदार बताने वाले भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों में अचानक तनातनी देखी जा रही है। अमेरिका ने भारत में धार्मिक भेदभाव का प्रत्यक्ष आरोप लगाया तो भारत ने भी जवाब में उसे सार्वजनिक तौर पर फटकारते हुए कहा कि अपने देश में वोट बैंक की राजनीति के लिए भारत पर आधारहीन आरोप न लगाए। गत 28 जून को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने जिस कड़े तेवर में अमेरिका को आईना दिखाने वाला दो टूक बयान साप्ताहिक ब्रीफिंग में पढ़ा, उससे भी साफ हो गया कि खालिस्तान मसले पर दोनों देश आमने–सामने हो चुके हैं।

पिछले दिनों अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने भारत के साथ सामरिक और रक्षा सहयोग को गहराई देने को लेकर नई दिल्ली में बातचीत की, लेकिन उसके कुछ दिनों बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भारत को धार्मिक भेदभाव करने वाला देश बताकर आड़े हाथों लिया। अमेरिका के इस बयान से वहां फल–फूल रहे खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को बढ़ावा मिलेगा। इसलिए भारतीय प्रवक्ता ने अमेरिका को चेताया कि भारत विरोधी अतिवादी–आतंकवादी ताकतों को



राजनीतिक मैदान न दे। प्रवक्ता ने इन अलगाववादी ताकतों का सीधा जिक्र नहीं किया, लेकिन संकेत साफ था। देश की संप्रभुता और अखंडता की कीमत पर सामरिक साझेदारी को अहमियत नहीं दी जाएगी, यह भारत के बयान से साफ है।

अमेरिका की तरह ही उसके साथी देश कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन की सरकारें भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर भारत विरोधी ताकतों को भड़काऊ गतिविधियां चलाने देती हैं। इसका असर न केवल सामरिक साझेदारी पर पड़ेगा बल्कि इन देशों ने चीन विरोधी जो नया भू–सामरिक समीकरण और ढांचा खड़ा करने की कोशिश की है, उन पर भी आंच आ सकती है। शायद यही वजह है कि हिंद–प्रशांत में चीन को चुनौती देने वाले मंच क्वॉड (चार देशों का संगठन) की गतिविधियों में हाल में शिथिलता आई है और इस साल भारत में होने वाली क्वॉड शिखर बैठक टाल दी गई है। इससे साफ होता है कि भारत का इन देशों के साथ परस्पर सामरिक भरोसा घटने लगा है। भरोसे में कमी इस बात से भी उजागर होती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पुराने सामरिक साझेदार रूस के साथ रिश्तों को अहमियत देते हुए जल्द ही मॉस्को जाकर व्लादिमीर पूतिन के साथ शिखर बैठक करने का फैसला किया है, जो अमेरिका को पसंद नहीं आएगा।

दिलचस्प है कि खालिस्तानी तत्वों को संरक्षण देने वाले देश फाइव आईज नाम के उस पांच देशों के गुट के सदस्य हैं, जो आपस में एक–दूसरे को प्रभावित करने वाली गुप्तचर जानकारियों का आदान–प्रदान करती हैं। इन देशों की गुप्तचर एजेंसियों की नजर इस बात पर नहीं रहती कि अलगाववादी तत्व उनके सामरिक साझेदार भारत के खिलाफ किस तरह से साजिशें रच रहे हैं, बल्कि इस बात पर रहती हैं कि इन तत्वों पर भारत किस तरह नजर रखे हुए है। लेकिन इसके पक्ष में कोई प्रत्यक्ष सबूत नहीं दे सका है। ये सभी देश कभी भारत को इस बात के लिए आगाह नहीं करते कि किस तरह भारत को तोड़ने वाली साजिशें उनकी धरती पर रची जा रही हैं।

### सूडोकू नवताल-5406

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल -5405 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## अपना ब्लॉग

### इंदिरा को कोसा गया और पकड़े गए

**मोहन।** आपातकाल के यूं तो कई हीरो रहे, लेकिन सबसे खास थे जॉर्ज फर्नांडिस । उन दिनों बड़ौदा डायनामाइट कांड के प्रमुख अपराधी माने जा रहे थे समाजवादी जॉर्ज। उनकी गिरफ्तारी लिए इंदिरा गांधी ने अपने सारे घोड़े दौड़ा रखे थे। लेकिन, जॉर्ज ने तो जैसे पुलिस और खुफिया ब्यूरो को चकमा देने में उस्तादी हासिल कर रखी हो, वह अलग–अलग वेशभूषा में पूरे देश में घूम रहे थे। आजादी के आंदोलन में जिस तरह अनुशीलन समिति और दूसरे क्रांतिकारी धड़े संगठित होकर ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहे थे, कुछ उसी अंदाज में आपातकाल के विरोध में जॉर्ज लोगों को संगठित कर रहे थे। इंटेलिजेंस ब्यूरो ने पता लगाया कि तब कोलकाता की किसी महिला से मिलने के लिए जॉर्ज जाया करते थे। एजेंसी ने उस महिला की पहचान कर ली। उस पर निगाह रखी जाने लगी। जॉर्ज कोलकाता पहुंचे, लेकिन एजेंसी उन पर नजर नहीं रख पाई।







## बड़ा पाव गर्ल चंद्रिका दीक्षित ने 50 हजार से बढ़ाकर 10 लाख की फीस!

बड़ा पाव गर्ल नाम से दिल्ली की चंद्रिका दीक्षित पिछले दिनों शबिग बॉस ओटीटी 3श में आईं तो उन्होंने अपनी कई मजेदार कहानियां सुनाईं। हालांकि, अब वह 24 दिन बाद शो से बाहर हो चुकी हैं लेकिन इसके बाद भी काफी सुर्खियां बटोर रही हैं। चंद्रिका को उम्मीद थी कि वो टॉप 5 कंटेस्टेंट्स में होंगी,लेकिन ऐसा हुआ नहीं और इस बात का उन्हें काफी अफसोस है। अब शो से बाहर आने के बाद चंद्रिका ने अपने इंटरव्यू में बताया है कि वह फिल्मी दुनिया में कदम बढ़ाना चाहती हैं। हाल ही में थ्पसउपळलंद से बातचीत में उनसे आगे के प्लान के बारे में पूछा गया कि क्या अगर उन्हें फिल्मों में काम करने का मौका मिलता है तो करना चाहेंगी? इसपर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अगर मौका मिला तो वो जरूर करेंगी। उन्होंने कहा कि फिल्म में वो बोल्ड सीन्स करना पसंद नहीं करेंगी, जो किरदार होगा उसे ही अच्छे से करेंगी। इसी के साथ उन्होंने सलमान खान के साथ काम करने की भी ख्वाहिश जताई। उनसे सलमान के साथ काम करने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा– सलमान खान के साथ काम करने की इच्छा जरूर रखती हूं। वह कहती दिख रही हैं, शमौका मिला तो जरूर करूंगी, जैसा कि पहले भी कह चुकी हूं कि बोल्ड सीन्स करना बिल्कुल नहीं पसंद है। अच्छे से अपना कैरक्टर जो हूं, वही प्ले करूंगी। सलमान सर से मिलने की इच्छा जरूर रखती हूं। वो बिंदास बंदा हैं।

## मिर्जापुर के गुड्डू पंडित का सामंथा से होगा सामना

अली फजल ने हाल ही में अपनी पत्नी ऋचा चड्ढा के साथ एक बेटी का स्वागत किया है। उन्होंने अपनी पिछली सीरीज शमिर्जापुर सीजन 3श में गुड्डु पंडित के रोल से फैंस का दिल जीता। अब ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, अली फजल को श्रक्त ब्रह्माण्डश में सामंथा रुथ प्रभु के साथ लीड रोल मिला है। राज और डीके के डायरेक्शन में बनने वाली इस सीरीज पर बात करते हुए रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि डायरेक्टर्स की ये जोड़ी फिर साथ में आ रही है और इस 6 पार्ट वाली सीरीज को बनाएगी। शो की पूरी कास्ट फाइनल हो चुकी है और 6 पार्ट वाली इस सीरीज की शूटिंग अगले हफ्ते मुंबई में शुरू होने वाली है। अली पूरे अगस्त में सीरीज के लिए शूटिंग करने वाले हैं और साथ ही अपने बाकी के प्रोजेक्ट्स भी करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो के कलाकारों में आदित्य रॉय कपूर और वामिका गब्बी भी हैं।

## अनंत अंबानी और राधिका की शादी का फिर होगा जश्न



अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का जश्न अभी खत्म नहीं हुआ है! जी हां, एशिया के सबसे अमीर बिजनसमैन मुकेश अंबानी अब अपने छोटे बेटे अनंत और बहू राधिका के लिए लंदन में ग्रैंड सेलिब्रेशन की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए अगस्त से सितंबर तक दो महीने के लिए एक लग्जरी 7–स्टार स्टोक पार्क होटल को बुक किया गया है। इस जश्न में एक बार फिर हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड के सितारों, दुनिया के दिग्गज बिजनसमैन, राजनीतिक हस्तियां और यहां तक कि ब्रटेन के शाही परिवार के लोगों के शामिल होने की संभावना है। मुकेश अंबानी ने सितंबर तक 7–स्टार स्टोक पार्क होटल को बुक किया है। इसमें कहा गया है कि फिल्मी सितारों के साथ ही प्रिंस हैरी और ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन शादी के बाद के इस जश्न में शामिल हो सकते हैं। अंबानी परिवार ने जश्न के लिए जिस स्टोक पार्क एस्टेट को चुना है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 2021 में 57 मिलियन पाउंड में इस एस्टेट को लीज पर लिया था। इसके तुरंत बाद 300 एकड़ की इस एस्टेट में रेनोवेशन का काम शुरू हुआ। लंदन के बाहर बकिंघमशायर में स्थित स्टोक पार्क एस्टेट में एक हवेली, गोल्फ कोर्स और टेनिस कोर्ट हैं। लंदन स्थित यह स्टोक पार्क होटल आम जनता के लिए लंबे समय से बंद है।

# अभिषेक बच्चन की नई कार ने खींचा ध्यान




*अभिषेक बच्चन–ऐश्वर्या राय को लेकर पिछले कुछ दिनों से जिस तरह की खबरें सुनने को मिल रही हैं वो काफी फैन्स को अच्छा नहीं लग रहा। दरअसल दोनों के तलाक की खबरों ने इस कदर सुर्खियां बटोरी हैं कि फैन्स भी परेशान हो उठे हैं। अभिषेक बच्चन–ऐश्वर्या राय की शादी को 17 साल हो चुके हैं और तलाक की इन खबरों के बीच कुछ ऐसा हुआ है जो इस बात की ओर इशारा कर रहा है कि दोनों के बीच चीजें अब भी सही हैं। बताया जा रहा है कि अभिषेक बच्चन ने एक नई लग्जरी कार खरीदी है और इस कार को लेकर ऐश्वर्या की एक खास चॉइस का भी उन्होंने ध्यान रखा है।*

**भांजे अगस्त्या और सुहाना खान को लेकर जाते दिखे**

पिछले दिनों अभिषेक अपने भांजे अगस्त्या नंदा और शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान को अपनी कार में बिठा कहीं ले जाते दिखे थे। वैसे कहा जा रहा है कि अभिषेक बच्चन कूल मामू हैं और शायद वो इनलोगों को लॉन्ग ड्राइव पर लेकर गए थे या फिर उन्हें कहीं छोड़ने के लिए निकले थे। यहां आपको ये भी बता दें कि सुहाना और अगस्त्या की डेटिंग की भी काफी चर्चा है।

**इस कार का नंबर 5050**

वहीं अभिषेक जिस कार में इन्हें लेकर निकले थे, उसे लेकर बताया गया है कि उसके नंबर के आखिर में 5050 है। बताया ये भी जा रहा है कि ये नंबर ऐश्वर्या का फेवरेट नंबर है। मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी बताया जा रहा है कि नई कार का ये नंबर लेकर उन्होंने अपनी वाइफ ऐश्वर्या को सरप्राइज कर दिया। बताया जा रहा है कि पहले ऐश्वर्या और अभिषेक के पास सफेद मर्सिडीज बेंज हुआ करती थी, जिसका नंबर भी 5050 ही था।



**५०५० को एंजेल नंबर्स भी कहा जाता है**

रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि जब ऐश्वर्या राय प्रेग्नेंट थीं तब डिलीवरी के समय उन्हें इसी 5050 नंबर प्लेट वाली कार से हॉस्पिटल ले जाया गया था। इसके बाद आराध्या के पैदा होने के बाद भी ऐश को इसी नंबर प्लेट वाली कार से घर लाया गया था। बताते चलें कि ये नंबर वीआईपी नंबर्स कहे जाते हैं और ऐसे नंबर्स के लिए अलग से पैसे देने होते हैं और 5050 को एंजेल नंबर्स भी कहा जाता है। 5050 नंबर के साथ एक पावरफुल मेसेज भी छिपा है जो बैलेंस और एकता का प्रतीक माना जाता है।

**अभिषेक के बर्थडे से भी हो सकता है इसका कनेक्शन**

वहीं कहा ये भी जा रहा है कि अभिषेक बच्चन का बर्थडे 5 फरवरी है तो इसका कनेक्शन इससे भी हो सकता है। हालांकि, इस बात को लेकर भी कोई कन्फर्मेशन नहीं है कि ये यह ऐश्वर्या का पसंदीदा नंबर है या अभिषेक का।

# हंगामा 2 एक्ट्रेस प्रणिता सुभाष दूसरी बार प्रेग्नेंट

*साउथ फिल्मों की एक्ट्रेस प्रणिता सुभाष दूसरी बार मां बनने वाली हैं और ये खुशी उन्होंने अपने फैंस के साथ खास अंदाज में शेयर की है। प्रणिता को शहंगामा 2श फिल्म में बहुत पसंद किया गया था। उनकी उम्र अभी 31 साल है और वो दूसरी बार मां बनने जा रही हैं। आइए देखें उनकी पोस्ट।*



कई भाषाओं की फिल्मों में काम कर चुकीं साउथ की एक्ट्रेसस प्रणिता सुभाष के लाखों फैंस हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें लोगों को बेहद पसंद आती हैं। एक्ट्रेस ने 25 जुलाई को सोशल मीडिया पर अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटोज शेयर किए, जिसमें वह ब्लैक बॉडीकॉन टॉप और जींस में अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। प्रणिता सुभाष और उनके पति, नितिन राजू, एक बच्ची अर्ना के पहले से ही माता–पिता हैं, जिसका उन्होंने जून 2022 में स्वागत किया था।

**पैंट फिट नहीं हो रहे**

इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए प्रणिता सुभाष ने लिखा, राउंड 2... पैंट अब फिट नहीं हो रही है! (एसआईसी)। अपने पोस्ट की कुछ तस्वीरों में वह अपने बेबी बंप को सहलाती नजर आ रही हैं। ट्विटर पर, प्रणिता ने अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा करने के लिए एक नॉक–नॉक चुटकुला शेयर किया। उन्होंने पोस्ट किया, नॉक नॉक! वहां कौन है? बेबी!! बेबी कौन? बेबी 2 (एसआईसी)।

**प्रणिता सुभाष प्रेग्नेंसी**

प्रणिता सुभाष ने 2021 में कोविड–19 महामारी के दौरान बिजनेसमैन नितिन राजू से शादी की। उन्होंने 2022 में बेटी अर्ना को जन्म दिया। 2024 में, उन्होंने काम फिर से शुरू किया और मलयालम फिल्म, थैंकमनी और कन्नड़ फिल्म, रमना अवतार में दिखाई दीं। अब, एक्ट्रेस अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के लिए काम से छुट्टी लेंगी।

**प्रणिता सुभाष की फिल्में**

प्रणिता सुभाष ने 2010 में पोर्की नाम की कन्नड़ फिल्म से एक्टिंग की शुरुआत की। बीते वर्षों में, उन्होंने कन्नड़, तेलुगू, तमिल, हिंदी और मलयालम फिल्मों में काम किया है। उनकी कुछ फिल्मों में भीमा थेराडाल्ली, अटारिंटिकी डेरेडी, मासु अंगिरा मसिलामणि और बावा शामिल हैं।

# तेज गुस्सा आना सेहत के लिए अच्छा नहीं, पड़ता है बुरा प्रभाव



*कहावत है कि गुस्से में हमेशा खुद का ही नुकसान होता है और यह बात सही भी है। गुस्से का नकारात्मक प्रभाव रिश्तों के साथ सेहत पर भी पड़ता है। शायद आपने सुना भी होगा कि कई बार लोगों को गुस्से में अटैक आ जाता और यह स्थिति जानलेवा भी हो सकती है।*

ज्यादा गुस्सा सेहत के लिए अच्छा नहीं होता है, खासतौर पर पर आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए, जिससे स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है। कई बार गुस्सा आपको हाई बीपी और हार्ट का मरीज भी बना सकता है। इसलिए इसे कंट्रोल करना बहुत जरूरी है। आइए जानते हैं कि अधिक गुस्से से आपके आपकी को क्या नुकसान हो सकता है।

**ब्रेन स्ट्रोक का खतरा**

क्रोध आने पर मस्तिष्क में ऐसे रासायनिक तत्व बनने लगते हैं, जिसका शरीर के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। जो लोग ज्यादा गुस्सा करते हैं उनमें हाई बीपी के कारण ब्रेन स्ट्रोक का ज्यादा खतरा देखा जाता है।

**हार्ट के लिए अच्छा नहीं**

गुस्से के दौरान दिल की धड़कन तेज हो जाती है, जिससे हाई ब्लड प्रेशर का खतरा भी बढ़ जाता है। इससे दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा बढ़ा सकता है।

**पाचन तंत्र के लिए अच्छा नहीं**

लोगों को शायद यह बात पता न हो, लेकिन गुस्से का बहुत बुरा प्रभाव हमारे पाचन पर भी पड़ता है। गुस्से के समय पाचन तंत्र की कार्य क्षमता पर असर पड़ता है। यह पेट की समस्याओं का कारण बन सकता है, जैसे कि अपच, कब्ज और अल्सर आदि का।

**इम्यून सिस्टम**

लगातार गुस्सा और उसके कारण होने वाले तनाव में रहने से इम्यून सिस्टम को कमजोर कर सकता है, जिससे शरीर बीमारियों की चपेट में आ सकता है।

**दिमाग की कार्यक्षमता होती है प्रभावित**

गुस्से के समय मस्तिष्क में स्ट्रेस हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिसके कारण मस्तिष्क की कार्यक्षमता भी प्रभावित होती है। लंबे समय तक गुस्सा करने से मस्तिष्क के कुछ हिस्सों में डैमेज प्रॉब्लम हो सकती है, जो मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।




## फेफड़ों से काली गंदगी निकालकर मानेगा ये उपाय, लिवर भी बनेगा हेल्दी

जिंदा रहने के लिए हमारा सांस लेना जरूरी है। फेफड़े हवा में मौजूद ऑक्सीजन खींचते हैं और फिर सारे अंगों को पहुंचाते हैं। मगर पॉल्यूशन व स्मोकिंग की वजह से यह कमजोर होने लगते हैं। इसमें टॉक्सिन भर जाते हैं और गंदगी भरने लगती है। स्मोकिंग करने वालों के फेफड़ों में टार जमा हो जाता है। इसे निकालने के लिए डॉक्टर प्रियंका त्रिवेदी ने एक कमाल का नुस्खा बताया है। इस उपाय से फेफड़ों के साथ लिवर को भी फायदा मिलता है। यह स्किन और हेयर को स्वस्थ बनाने में भी मदद करता है। डॉ. प्रियंका त्रिवेदी बताती हैं कि जो लोग स्मोकिंग करते हैं, उनके लंग्स में इंफेक्शन होने का खतरा हो जाता है। कुछ लोगों को अस्थमा की वजह से भी फेफड़ों की दिक्कत झेलनी पड़ती है। इसके साथ ही लिवर की सूजन भी आजकल बढ़ गई है। डॉक्टर के मुताबिक ऐसे लोग एक खास ड्रिंक का सेवन करें। आप इसे रात में तैयार करके रखें और सुबह तड़के सबसे पहले इस ड्रिंक का आधा सेवन करें। इसके बाद रात में सोने से पहले आधी ड्रिंक पीएं। इस नुस्खे का रिजल्ट 20 से 25 दिन में मिल जाएगा। डॉक्टर ने कहा कि अगर संभव है तो आपको इसे जिंदगीभर करना चाहिए।

## पीरियड्स बंद होना बुढ़ापे की निशानी नहीं, डाइट में करें ये बदलाव

40 के बाद महिलाओं के शरीर में ऐसे बदलाव आते हैं जिससे उनका बॉडी का शेप बदल जाता है। शरीर का बदलता शेप मोटापे में न बदल जाए, उससे महिलाओं को अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव करना शुरू कर देना चाहिए। मेनोपॉज एक नेचुरल प्रक्रिया है, लेकिन कई महिलाएं इससे बहुत घबरा जाती हैं। दरअसल महिलाएं पीरियड्स को खुद से इस कदर जोड़ लेती हैं कि उन्हें लगता है पीरियड्स खत्म होने के बाद उनका अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। वो जल्दी बूढ़ी हो जाएंगी, उनकी खूबसूरती कम होने लगेगी। लेकिन ऐसा उन महिलाओं के साथ होता है जो मेनोपॉज के दौरान अपना ध्यान नहीं रखतीं। ये सच है कि मेनोपॉज के दौरान महिलाओं के शरीर में कई बदलाव आते हैं– अचानक महिलाओं का वजन बढ़ने लगता है, पेट फूल जाता है, अचानक गर्मी लगने लगती है, नींद उड़ जाती है, जोड़ों में दर्द शुरू हो जाता है। लेकिन ये बदलाव नॉर्मल हैं, इनसे घबराने की जरूरत नहीं है। डाइट, एक्सरसाइज और लाइफस्टाइल में बदलाव करके मेनोपॉज की तकलीफों से आसानी से राहत पाई जा सकती है। बढ़ते मोटापे को कंट्रोल में रखा जा सकता है।

## ये लक्षण दिखते ही डॉक्टर के पास भागें, बच जाएगी जान!



जब आपके शरीर के किसी हिस्से में असामान्य सूजन या गांठ बन जाती है, तो उसे ट्यूमर कहा जाता है। यह शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है। इसी तरह जब आपके पेट में सूजन या गांठ बनने लगती है, तो इसे पेट का ट्यूमर कहते हैं। ध्यान न देने पर यह कैंसर का रूप ले लेता है। पेट में ट्यूमर तब होता है, जब पेट में मौजूद असामान्य सेल्स के एक्यूमुलेशन की वजह से टिश्यू का असामान्य विकास होने लगता है। पेट में ट्यूमर भी कई प्रकार हो सकते हैं। पेट के ट्यूमर होने पर कई तरह के लक्षण नजर आ सकते हैं। यहां कुछ बड़े लक्षणों के बारे में बात की जा रही है। पेट में लगातार, या गंभीर दर्द, जो ठीक होने के बजाए समय के साथ बढ़ता जाता है। यह पेट में ट्यूमर का लक्षण हो सकता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पेट की दीवारों पर दबाव पड़ता है। बिना किसी फिजिकल एक्टिविटी के कुछ ही दिनों में तेजी से वजन कम होना भी आम नहीं है। यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत होता है, जिसमें पेट का ट्यूमर भी शामिल है। ट्यूमर के कारण शरीर में पोषक तत्वों की कमी तेजी से होती जाती है। पेट के ट्यूमर से प्रभावित होने पर दस्त या कब्ज जैसी स्थितियां हो सकती हैं और यह परेशानी लंबे समय से बनी हुई हो। ट्यूमर आंतों में रुकावट पैदा कर सकती है, जिससे मल त्याग में भी बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

# घोड़े जैसी ताकत और चीते जैसी फुर्ती चाहिए तो भिगोकर खाएं ये चीज

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*अगर आप हमेशा थकान और कमजोरी महसूस करते हैं, आप थोड़ा सा काम करके थक जाते हैं, आपके घुटनों और जोड़ों में दर्द रहता है, आपकी हड्डियां कमजोर हो रही हैं, आपको कमजोरी से चक्कर आता है, आपके शरीर में खून नहीं बन रहा है, हड्डियों से कट–कट की आवाज आती है, आपका हमेशा सोने या आराम करने का मन करता है? अगर इन सवालों में किसी का भी उत्तर हां है, तो अब समय आ गया है कि आपको अपनी डाइट में दो चीजें बादाम और चना शामिल करना शुरू कर देना चाहिए। भीगे हुए बादाम और चने दोनों ही स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इन्हें भिगोकर खाने से आपको ज्यादा फायदा मिलता है क्योंकि भिगोने से इनके पोषक तत्व बढ़ जाते हैं और आसानी से अवशोषित हो जाते हैं।*

**भीगे बादाम खाने के फायदे**

बादाम में प्रोटीन और हेल्दी फैट की अच्छी मात्रा होती है, जो शरीर को ऊर्जा देते हैं और ताकत मिलती है। बादाम में मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड हार्ट डिजीज के खतरे को कम करने में मदद करते हैं।बादाम में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो दिमाग के कामकाज को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। वजन घटाने में सहायक रू बादाम में फाइबर होता है जो आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है और वजन घटाने में मदद करता है। बादाम में अच्छी मात्रा में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों को मजबूत और स्वस्थ बनाने में सहायक है।



**भीगे हुए चने खाने के फायदे**

चने में फाइबर होता है जो पाचन को बेहतर बनाता है और कब्ज की समस्या को दूर करता है। चने में ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे यह डायबिटीज रोगियों के लिए एक अच्छा विकल्प है। चने में कैल्शियम होता है जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। चने में पोटेशियम होता है जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

**भीगे बादाम और चने को एक साथ खाने के फायदे**

दोनों में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं जिससे शरीर को पूरा पोषण मिलता है।
ये दोनों ही शरीर को लंबे समय तक ऊर्जा और ताकत देने का काम करते हैं। फाइबर से भरपूर होने के कारण ये बादाम और चना दोनों ही वजन घटाने में मदद करते हैं। ये दोनों ही पाचन को बेहतर बनाते हैं और कब्ज की समस्या को दूर करते हैं।

**कैसे करें बादाम और चने का सेवन**

रात को सोने से पहले बादाम और चने को पानी में भिगो दें। सुबह उठकर इनका छिलका उतारकर खाली पेट खाएं। आप इन्हें दही, सलाद या अन्य व्यंजनों में भी मिलाकर खा सकते हैं। ध्यान रहे कि जरूरत के हिसाब से खाएं क्योंकि अधिक मात्रा में सेवन करने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।



ये जिंदगी का हिस्सा है

सूर्यकुमार ने कहा कि आप क्रिकेट के मैदान पर जो कुछ भी कर रहे वो आपकी जिंदगी नहीं है बल्कि जिंदगी का हिस्सा है। उन्होंने कहा, ये आपका जीवन नहीं है, ये आपके जीवन का हिस्सा है। इसलिए ऐसा नहीं है कि जब आप अच्छा कर रहे हो तो टॉप पर रहोगे और जब अच्छा नहीं कर रहे होगे तो अंडरग्राउंड रहोगे। ये चीज आपको एक स्पोर्ट्समैन के तौर पर नहीं करनी चाहिए। इससे ही मुझे जीवन में संतुलन बनाने में मदद मिलती है।

## सूर्यकुमार यादव के लिए सिर्फ क्रिकेट ही जिंदगी नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की टी20 टीम के नए कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि उनके लिए क्रिकेट जिंदगी नहीं है बल्कि जिंदगी का एक हिस्सा है और ये बात उन्हें इस खेल ने ही सिखाई है। सूर्यकुमार यादव इस समय श्रीलंका दौरे पर हैं जहां आज से तीन मैचों की टी20 सीरीज शुरू हो रही है। इस सीरीज से पहले सूर्यकुमार यादव ने कप्तानी और अपने क्रिकेट करियर को लेकर बीसीसीआई की मीडिया टीम से बात की। इस बातचीत का वीडियो बीसीसीआई के एक्स हैंडल पर पोस्ट किया गया है। इस वीडियो में सूर्यकुमार ने साफ कहा है कि क्रिकेट ने ही उन्हें जीवन में चीजों के बीच में संतुलन बनाना सिखाया। सूर्यकुमार ने कहा है कि क्रिकेट से जो सबसे अहम चीज उन्होंने सीखी वो ये है कि आप कितने विनम्र रहते हो। सूर्यकुमार ने कहा, जब आप कुछ हासिल कर लो या जब अब अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हो, इस दौरान आप कितने विनम्र रहते हो, ये बात मैंने इस खेल से सीखी है। जब आप मैदान पर कुछ करते हो तो उसे मैदान पर ही छोड़कर जाना चाहिए। मैदान के बाहर इसे नहीं ले जाना है।

# हम ऐसे देश में रहते हैं जहां फैंस जल्दी हो जाते है भावुक

क्रिकेट

### रोहित और हार्दिक के कप्तानी विवाद पर पहली बार खुलकर बोले जसप्रीत बुमराह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हार्दिक पंड्या के लिए पिछले कुछ महीने उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में चुने जाने के बाद जहां एक तरफ उन्हें फैंस की आलोचना का सामना करना पड़ा, वहीं दूसरी तरफ उन्होंने टी20 विश्व कप में भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाते हुए शानदार वापसी की। दोनों ही टूर्नामेंट में हार्दिक पंड्या के साथ खेलने वाले जसप्रीत बुमराह ने हाल ही में एक इंटरव्यू में उनके इस सफर के बारे में खुलकर बात की।

जसप्रीत बुमराह ने बताया कि नकारात्मक विचारों को खुद से दूर रखना कितना जरूरी है, जैसा कि हार्दिक ने किया। बुमराह ने कहा, हम एक ऐसे देश में रहते हैं जहां फैंस जल्दी भावुक हो जाते हैं। खिलाड़ी भी इमोशनल होते हैं। ये अजीब लगता है जब आप भारतीय खिलाड़ी होते हैं और आपने अपने ही फैंस आपकी बुराई कर रहे होते हैं। लेकिन आप इसे रोक नहीं सकते। आप खुद पर ध्यान लगाएं तो भी ये आवाजें सुनाई देती हैं। यह आसान नहीं होता। आपको सुनाई देती ही हैं। ऐसे समय में आपको सर्कल आपकी मदद करता है। हम टीम के रूम में इसे प्रोत्साहित नहीं करते हैं। हम टीम के रूप में उसके साथ थे। हम उससे बात कर रहे थे। उसका परिवार हमेशा साथ था। कुछ चीजें कंट्रोल से बाहर होती हैं। जब हमने वर्ल्ड कप जीता तो सबकुछ बदल गया।



जसप्रीत बुमराह के अनुसार अगर ज्यादा तारीफ भी हो रही है तो उससे खुश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, आप तारीफ को बहुत गंभीरता से नहीं ले सकते। हारते ही सब दोबारा बदल सकता है। क्रिकेट इतना लोकप्रिय खेल है कि हर खिलाड़ी को ये चीजें झेलनी पड़ती हैं। फुटबॉल में भी फैंस खिलाड़ी को बू करते हैं। बड़े से बड़े खिलाड़ी को यह झेलना पड़ता है। ये एक खिलाड़ी के जीवन का हिस्सा है। ये चीजें अनुचित लगती हैं पर ये होती हैं।

बुमराह ने आगे कहा- टीम के तौर पर हम किसी साथी को अकेला नहीं छोड़ सकते। हम एक-दूसरे का साथ देते हैं। हर मुश्किल में मदद करते हैं। हार्दिक के साथ मैंने काफी क्रिकेट खेला है, ये किसी यंग प्लेयर के साथ भी हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में हम सब एकजुट हो जाते हैं और जरूरत पड़ने पर साथी की मदद करते हैं।

# मुझे विश्वास है कि भारतीय टीम पाकिस्तान जरूर आएगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■शोएब मलिक की भारतीय टीम से अपील

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम ने पाकिस्तान दौरे पर आने के लिए गुजारिश की है। पता हो कि भारत और पाकिस्तान ने 2013 से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है क्योंकि दोनों देशों के बीच सीमा और राजनीतिक तनाव की स्थिति बनी रहती है। भारत और पाकिस्तान टीम के बीच आईसीसी के प्रमुख टूर्नामेंट्स में भिड़ंत होती रही है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है। मगर दोनों देशों के बीच सीमा और राजनीतिक तनाव को देखते हुए भारतीय टीम का पाकिस्तान जाना असंभव लग रहा है।

इस दौरान कई रिपोर्ट्स में सामने आया कि भारतीय टीम पाकिस्तान दौरे पर नहीं जाएगी। तब शोएब मलिक ने भारतीय टीम से पाकिस्तान आने की गुजारिश की और राजनीति को खेल से दूर रखने की सलाह दी। मलिक ने क्रिकेट पाकिस्तान से बातचीत में कहा कि पाकिस्तान की टीम ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए भारत यात्रा की थी तो अब टीम इंडिया की बारी है कि वो इस विश्वास को कायम रखे।

भारत और पाकिस्तान के बीच जो भी परेशानियां हैं, उसे निजी तौर पर हल करना चाहिए। राजनीति को खेल से नहीं जोड़ना चाहिए। पाकिस्तान क्रिकेट टीम पिछले साल भारत गई थी और अब टीम इंडिया के लिए यहां आने का अच्छा मौका है। मेरे ख्याल से भारतीय टीम के कई खिलाड़ी पाकिस्तान में नहीं खेले हैं तो उनके लिए यह अच्छा मौका होगा। हम बहुत अच्छे लोग हैं। मुझे विश्वास है कि भारतीय टीम यहां जरूर आएगी। हाल ही में खबर दी थी कि आईसीसी की वार्षिक बैठक में चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम और प्रारूप पर कोई विचार-विमर्श नहीं हुआ था। इसमें आगे बताया गया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी पर भारत को राजी करने की जिम्मेदारी छोड़ दी है।

पीसीबी ने भारत के सभी मैच लाहौर में रखे हैं, जहां चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल और फाइनल भी खेले जाएंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच हाई वोल्टेज मैच 1 मार्च को रखा गया है। आपको याद दिला दें कि एशिया कप 2023 की मेजबानी भी पाकिस्तान ने ही की थी।

## इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के लिए घोषित की प्लेइंग इलेवन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और आखिरी टेस्ट मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी, जो 26 जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा। इंग्लैंड पहले ही 2-0 से सीरीज अपने नाम कर चुकी है। वह अब क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी। इंग्लैंड ने नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 241 रनों से जीत हासिल की। ओली पोप को मैच की दोनों पारियों में शानदार शतक (121) और अर्धशतक (51) के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरी पारी में शोएब बशीर ने उम्दा गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए थे। दूसरे टेस्ट में हैरी ब्रूक (109) और जो रूट (122) ने शानदार शतक जड़कर इंग्लैंड को 384 रनों की विशाल बढ़त दिलाने में अहम योगदान दिया था। गेंदबाजी में क्रिस वोक्स ने पहली पारी में 28 ओवर में 4/84 के आंकड़े के साथ सबसे बेहतरीन गेंदबाजी की।

## न्यूज डायरी




### सूर्या की कप्तानी भारत के ये 11 सूरमा लंका में लगाएंगे आग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पल्लीकल। भारत-श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज का आगाज पल्लीकल में शनिवार से हो रहा है। श्रीलंका के खिलाफ इस मुकाबले के लिए भारतीय टीम की तैयारी पूरी हो चुकी है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया एक नई शुरुआत करने जा रही है। ऐसे में इस बात की खूब जिज्ञासा है कि सूर्या अपनी कप्तानी के पहले टी20 मुकाबले में किस तरह की प्लेइंग इलेवन के साथ मैदान पर उतरेंगे। टीम में कई नए खिलाड़ी भी हैं। ऐसे में टीम का संयोजन करना सूर्यकुमार यादव के लिए बिल्कुल भी आसान नहीं होगा। आइए समझते हैं कैसी होगी पहले टी20 मैच के लिए भारतीय टीम की संभावित प्लेइंग इलेवन। श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 मैच में सूर्यकुमार बैटिंग में विकल्प को चुनने में परेशान नहीं होंगे। शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल निश्चित रूप से पारी का आगाज करेंगे। इसके अलावा तीसरे स्थान पर ऋषभ पंत बल्लेबाजी कर सकते हैं । चौथे नंबर पर खुद कप्तान सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी में जिम्मेदारी संभालेंगे। हालांकि, सूर्या के सामने रियान पराग और रिंकू सिंह के चुनाव में मुश्किल हो सकती है। रिंकू सिंह लगातार टी20 क्रिकेट में धूम मचा रहे हैं। वहीं रियान पराग जिम्बाब्वे दौरे पर मौके को नहीं भुना पाए थे।

### राहुल द्रविड़ के बेटे समित लीग क्रिकेट खेलने को तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व हेड कोच और कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ को गुरुवार को महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 के आगामी सीजन से पहले खिलाड़ियों की नीलामी के दौरान मैसूर वॉरियर्स ने अपने साथ जोड़ लिया। वॉरियर्स ने मध्यक्रम के बल्लेबाज और तेज गेंदबाज समित को 50 हजार रुपये में खरीदा। वॉरियर्स टीम के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, उनका हमारी टीम में होना अच्छी बात है, क्योंकि उन्होंने केएससीए के लिए विभिन्न आयु वर्ग टूर्नामेंटों में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। समित द्रविड़ कर्नाटक अंडर-19 टीम का हिस्सा थे जिसने इस सत्र में कूच बिहार ट्रॉफी जीती थी और वह इस साल की शुरुआत में लंकाशायर टीम के खिलाफ केएससीए एकादश के लिए भी खेल चुके हैं। पिछले सीजन की उपविजेता वॉरियर्स की कमान करुण नायर के हाथों में होगी। टीम की तेज गेंदबाजी की अगुआई प्रसिद्ध कृष्णा करेंगे, जिन्हें एक लाख रुपये में खरीदा गया है। नायर को फ्रेंचाइजी ने बरकरार रखा है, जबकि प्रसिद्ध ने हाल ही में अपने बाएं प्रॉक्सिमल क्वाड्रिसेप्स टेंडन की सर्जरी कराई है। वह क्रिकेट में वापसी करने को बेताब हैं। कृष्णा से समित को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

### टेस्ट मैच में एक दिन इंग्लैंड तोड़ेगा 1936 का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महाराष्ट्र टीम ने आगामी रणजी ट्रॉफी 2024-25 सत्र के लिए ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तान नियुक्त किया है। गायकवाड़ पूर्व कप्तान केदार जाधव की जगह लेंगे। हाल ही में घोषित हुई श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम में ऋतुराज गायकवाड़ को जगह नहीं मिली थी। गायकवाड़ ने जिम्बाब्वे दौरे पर टी20 सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। ऋतुराज गायकवाड़ ने जिम्बाब्वे दौरे पर 5 मैचों की टी20 सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था और शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने 4-1 से सीरीज अपने नाम की थी। टीम इंडिया से बाहर ऋतुराज गयाकवाड़ को रणजी ट्रॉफी 2024-25 सत्र के लिए महाराष्ट्र क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन ने इसकी पुष्टि की। गौरतलब हो कि पिछले सीजन में महाराष्ट्र क्रिकेट टीम के कप्तान केदार जाधव थे, लेकिन इस साल जून में उन्होंने क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इसके बाद इस टीम का कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को बना दिया गया। ऋतुराज गायकवाड़ पिछले रणजी सीजन में चोटिल हो गए थे और पूरे सीजन खेल नहीं पाए थे। इस बार वो पूरी तरह से ठीक हैं और पूरा सीजन खेलने की उम्मीद है। बता दें कि ऋतुराज गायकवाड़ ने एशियन गेम्स में भारतीय टीम का नेतृत्व किया था और टीम ने गोल्ड पर कब्जा जमाया था।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने डेंगू की रोकथाम को अधिकारियों और कार्मिकों की ड्यूटी लगाई

**संवाददाता** देहरादून। डेंगू की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग हेतु वार्ड वार जिलाधिकारी सोनिका ने अधिकारियों/कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। जनपद में जिला प्रशासन द्वारा डेंगू नियंत्रण हेतु महाअभियान चलाया जा रहा है नगर निगम देहरादून क्षेत्रांर्तगत प्रत्येक वार्ड में आशा फैसिलिटेटर, कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर, नगर निगम सैनिटरी सुपरवाइजर, डेंगू वालिंटियर द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन 50 घरों में डेंगू निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है। तथा घर–घर सर्वे के दौरान लार्वा मिलने पर तुरंत नष्ट किया जा रहा है साथ ही लार्वी साइडल छिड़काव किया जा रहा है। नगर निगम की टीमों द्वारा समस्त वार्डों में फॉगिंग कार्य किया जा रहा है।

### योग को केंद्रीय शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए: भट्ट

**संवाददाता** देहरादून। राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सदन में योग शिक्षा का मुद्दा उठाया कहा कि योग को केंद्रीय शिक्षा पाठ्यक्रम में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक अनिवार्य रूप में शामिल कराया जाना चाहिए। भट्ट ने कहा कि वर्तमान दिनचर्या में योग का महत्व बहुत बढ़ गया है। आज के व्यस्ततम जीवन में लोगों को अपने शरीर के लिए समय निकालना जटिल एवं कठिन होता प्रतीत हो रहा है। कहा किआदत में योग को लाना केवल विद्यार्थी जीवन की शिक्षा से ही संभव है।

### मसूरी जाने से रोकने पर कांवड़ियों ने सड़क की जाम

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी जाने से रोकने पर कांवड़ यात्री शुक्रवार को कोल्हूखेत के पास सड़क जाम कर धरने पर बैठ गए। वह मसूरी जाने की जिद करने लगे। बाद में पुलिस के समझाने कुछ कांवड़ यात्री वापस लौट आए, जबकि बाकी मसूरी की ओर आगे बढ़ गए। बाद में पुलिस ने दावा किया कि मसूरी पहुंचे कांवड़ यात्रियों को भी वापस लौटा दिया गया। शुक्रवार को चार–पांच वाहनों से कांवड़ यात्री कुठाल गेट बैरियर पार करते हुए मसूरी की ओर आगे बढ़ गए। मसूरी में कांवड़ यात्रियों के प्रवेश पर रोक है और इन्हें कुठाल गेट बैरियर पर रोकने की व्यवस्था की गई है।

### एक शॉट हेपेटाइटिस ए टीकाकरण के दीर्घकालिक लाभ

**संवाददाता** देहरादून। हेपेटाइटिस ए के मामलों में हालिया वृद्धि ने देहरादून में चिंता पैदा कर दी है, जहां दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बाल चिकित्सा ओपीडी में एक ही दिन में 13 बच्चों का निदान किया गया। पिछले महीनों में भी कई मामले सामने आए हैं, जो समुदाय में जागरूकता बढ़ाने और सक्रिय निवारक उपायों की तत्काल आवश्यकता को उजागर करते हैं।

# कारगिल विजय दिवस पर मुख्यमंत्री ने की घोषणाएं

**श्रद्धांजलि**

■ राज्य में शहीद सैनिकों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि 10 लाख रूपये से बढ़ाकर 50 लाख रूपये की जायेगी



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल विजय दिवस (शौर्य दिवस) पर गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शहीद स्मारक पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कारगिल शहीदों के परिवारजनों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, विधायक श्रीमती सविता कपूर, बृज भूषण गैरोला और निवर्तमान मेयर श्री सुनील उनियाल गामा ने भी शहीद स्मारक पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने 04 घोषणाएं की। उन्होंने घोषणा की कि राज्य में शहीद सैनिकों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि 10 लाख रूपये से बढ़ाकर 50 लाख रूपये की जायेगी। शहीद सैनिक के परिवारजनों को सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि को 02 साल से बढ़ाकर 05 साल किया जायेगा। शहीदों के आश्रितों को अब जिलाधिकारी कार्यालयों में समूह 'ग' और समूह 'घ' के अलावा अन्य विभागों में भी समूह 'ग' और समूह 'घ' के पदों पर नियुक्ति प्रदान की जायेगी। सैनिक कल्याण विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को उपनल कर्मियों की भांति अवकाश प्रदान किये जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल युद्ध में माँ भारती की रक्षा के लिये हमारे वीर जवानों ने पराक्रम और अदम्य साहस का परिचय दिया। भारतीय सैनिकों ने कारगिल युद्ध में जिस प्रकार की विपरीत परिस्थितियों में वीरता का परिचय देते हुए घुसपैठियों को सीमा पार खदेड़ा, उससे पूरे विश्व ने भारतीय सेना का लोहा माना। कारगिल युद्ध में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों के बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल की यह विजय गाथा भी उत्तराखंड के वीरों के बिना अधूरी है और अपने 75 सपूतों का बलिदान ये वीर भूमि कभी नहीं भुलाएगी। जिस सांस्कृतिक परिवेश और विचारों ने हम सभी को पोषित किया है, उस संस्कृति में मान्यता है कि देशभक्ति सभी प्रकार की भक्तियों में सर्वश्रेष्ठ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक पुत्र होने के नाते उन्होंने बचपन से ही एक सैनिक और उसके परिवार के संघर्ष को देखा है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के समय अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधानमंत्री थे। हमने युद्ध भी जीता और वैश्विक स्तर पर कूटनीति में भी जीते। अटल जी ने शहीदों का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गाँव में राजकीय सम्मान के साथ करने की व्यवस्था की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से सेना न केवल पहले से और अधिक सक्षम और सशक्त हो रही है बल्कि उसकी यश और कीर्ति भी बढ़ रही है। हमारी सरकार जहां एक तरफ सेना के आधुनिकीकरण पर बल दे रही है, वहीं सैनिकों और उनके परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं को भी बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री निरंतर सैनिकों के साहस और मनोबल को बढ़ा रहे हैं और यही कारण है कि सेना आज गोली का जवाब गोले से दे रही है। आज भी प्रधानमंत्री ने कारगिल वॉर मेमोरियल, लद्दाख में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अग्निवीरों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण का प्राविधान किया जायेगा, इसके लिए एक्ट लाया जायेगा।

### शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है सरकार

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार पूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है। शहीद सैनिकों के परिवार के एक सदस्य को उसकी योग्यता अनुसार सरकार द्वारा सेवायोजित किया जा रहा है। अभी तक 26 आश्रितों को सेवायोजित किया जा चुका है। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा राज्य के वीरता पदक से अलंकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त धनराशि में वृद्धि की गई है।

# ई–ऑफिस पोर्टल पर फाइलों त्वरित निस्तारण के निर्देश

**निर्देश**

■मुख्य सचिव ने उत्तराखण्ड सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए निर्देश

### सुझावों पर यथोचित सुधार करने के भी निर्देश



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड सचिवालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि ई–ऑफिस पोर्टल पर फाइलों की समीक्षा, प्रसंस्करण एवं संचरण को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए फाइलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। सीएस श्रीमती रतूड़ी ने कहा है कि पत्रावलियों के लंबित रहने की प्रथा किसी भी विभाग/संस्था के कुशल संचालन को प्रभावित करती है एवं जनहित से संबंधित कार्यों में विलम्ब होता है। मुख्य सचिव ने प्रोटोकॉल के अनुसार निर्धारित समय–सीमा पर फाइलों के निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय सामान्य प्रशासन विभाग को लंबित फाइलों की स्थिती की निगरानी के लिए एक दैनिक समीक्षा तंत्र स्थापित करने हेतु कार्ययोजना जल्द बनाने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय प्रशासन विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि फाइलों के निस्तारण में अनावश्यक रूप से देरी न हों। फाइलों के निस्तारण में अनुचित देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जायेगी जिसमें अनुशासनात्मक उपाय भी शामिल हो सकते हैं।

उत्तराखण्ड सचिवालय प्रशासन द्वारा फाइलों के निस्तारण की स्थिति पर मुख्य सचिव के समक्ष साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने फाइलों के शीघ्र निस्तारण को सुविधाजनक बनाने के लिए पूर्व की भांति सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ई–ऑफिस पोर्टल के कुशल उपयोग के प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने फाइलों के शीघ्र निस्तारण एवं ई–ऑफिस को यूजर फ्रेण्डली बनाने हेतु तकनीकी रूप से ई–ऑफिस पोर्टल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सुझावों पर यथोचित सुधार करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने इस सम्बन्ध में सभी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### जलाशयों के डिसिल्टिंग को रॉयल्टी फ्री करने को बनाये नीति

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड के बौर, हरिपुरा, तुमारिया, नानकसागर जैसे जलाशयों में अत्यधिक सिल्ट जमाव की समस्या के समाधान, तथा इन जलाशयों में पर्यटन गतिविधियों एवं मत्स्य पालन को बढ़ावा देने की दिशा में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जलाशयों के डिसिल्टिंग को रॉयल्टी फ्री करने हेतु नीति बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने इस सम्बन्ध में सम्बन्धित सिंचाई विभाग को सभी सम्बन्धित विभागों से अनापत्ति लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि यदि विभाग द्वारा बौर व हरिपुरा जलाशयों के सिल्ट का कर्मिशयल उपयोग नही किया जा रहा है तो इन जलाशयों के सिल्ट उठान को रॉयल्टी फ्री करने की नीति तैयार करने की दिशा में तत्काल कार्य आरम्भ किया जाए। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग को 15 दिन का समय देते हुए वन विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जलाशयों को पचास साल से भी अधिक का समय हो गया है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।